
पूर्व उप मुख्यमंत्री का मनाया जन्मदिन



पटना सिटी (आससे)। वार्ड नंबर 64 स्लम बस्ती में पूर्व उप मुख्यमंत्री सह नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव का जन्मदिन राजद पटना महानगर प्रवक्ता मो साबिर अली की देखरेख में मनायी गयी।. आयोजन में बच्चों के बीच मिठाई बांट कर पार्टी की सदस्यता भी दर्जनों लोगों को दिलाया गया। इस मौके पर प्रमुख नेताओं में पूर्व पार्षद बलराम चौधरी व महमूद कुरैशी, मो जावेद, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ अध्यक्ष कमाल अशरफ,भाई जगत सिह,हरजीत सिंह, भाई अरविंद सिंह निगरुण,ज्ञान सिंह, जोगिंदर सिंह,बिक्रम सिंह व नविंदर सिंह ने कुमार पप्पू, परवेज शाहिन,इम्तियाज आलम, रविंदर पासवान, मो रफी, ओम मिश्र, राहुल यादव सचिन कुमार, सिकंदर पासवान, शहबाज कुरैशी, मो ताज अबूबकर समेत दर्जनों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

परंपरागत तरीके से मना अन्नकूट



पटना सिटी (आससे)। रोशनी पर्व दीपावली का त्योहार परंपरागत तरीके से रविवार को मनाया गया। इस मौके पर समृद्धि व यश वृद्धि के लिए भगवान गणेश व माता लक्ष्मी की पूजा-अर्चना की गयी। इस दौरान मकानों को भी आकर्षक ढंग से सजाया गया था।. दूसरी ओर स्थापित हुई लक्ष्मी व काली की प्रतिमाको वैदिक मंत्रोच्चर के बीच प्राण प्रतिष्ठा की गयी। मनोकामना काली पूजा समिति की ओर से भद्र घाट में मिथिलेश कुमार व शशि शर्मा की की देखरेख में काली प्रतिमा स्थापित हुई। प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए प्रशासन की ओर से गंगा नदी में बांस- बल्ले से घेराबंदी की गयी है। इस मौके पर.भक्तों की भीड़ मंदिरों में पूजा अर्चना के लिए जुटी थी। वहीं सोमवार को गोवर्धन पूजा व अन्नकूट का त्योहार मनाया गया। प्राचीन चैतन्य मंदिर ठाकुरबाड़ी में गोवर्धन पूजा व अन्नकूट पूजन का अनुष्ठान में न्यास समिति के सदस्य नितिन कुमार रिंकु,सचिव सदानंद गोस्वामी, नारायण प्रकाश शाह ,अजीत कुमार,कोषाध्यक्ष कृष्णा सिंघानिंया ने नागालैंड के राज्यपाल नंदकिशोर यादव,सहकारिता मंत्री रामकृपाल यादव,विधायक रत्नेश कुमार समेत अन्य प्रबुद्धजनों का मंदिर पहुंचने पर स्वागत किया।. इसी प्रकार गोपीनाथ मंदिर, साविलयां जी लेन स्थित साविलया मंदिर ,मच्छरहट्टा स्थित जगन्नाथ मंदिर में पुजारी रामानंद पांडे,नौजर घाट जगन्नाथ मंदिर में विष्णुकांत झा पूजा-अर्चना का अनुष्ठान संपन्न हुई. ।बुधवार को कलम जीवियों के आराध्य देव भगवान चित्रगुप्त की पूजा व भैया दूज का त्योहार मनाया जायेगा। भगवान श्री चित्रगुप्त की विशेष पूजा नौजरकटरा स्थित श्री आदि चित्रगुप्त मंदिर नौजर घाट में होगी , जहां सामूहिक पूजा की तैयारी की गयी है ।.गुरुवार को शहर में स्थापित चित्रगुप्त प्रतिमा की सामूहिक विसर्जन चित्रगुप्त घाट पर बने कृत्रिम तालाब में होगा, इतना ही नहीं भाई की सलामती के लिए भैया दूज की तैयारी हुई है।

छठ को लेकर सफाई अभियान



पटना सिटी (आससे)। छठ को लेकर बौली मोड़ से नागरिक अधिकार मंच के संयोजक सह पूर्व पार्षद बलराम चौधरी की देखरेख में सफाई अभियान आरंभ हुई, इसमें पार्षद शोभा देवी, मो. जावेद, देवरत्न प्रसाद, गुलाम सरवर आजाद, पूर्व पार्षद महमूद कुरैशी, शहीद अंसारी, शारीफ अहमद रंगरेज, अजीत सिंह कुशवाहा, मो साबिर अली, पूनम देवी, राजमंती देवी, एजाजुद्दीन उर्फ सानू समेत अन्य लोग शामिल थे। इन लोगें ने कहा कि छठ को लेकर नियमित अभियान चलायी जायेगी. सफाई अभियान अशोक राजपथ पर चलाया गया।

11 हजार से अधिक दीपों से जगमगाया तख्त साहिब

दीपमाला पर सजा विशेष दीवान शबद, कीर्तन



पटना सिटी (आससे)। दीपावली के मौके पर सिखों के दशमे गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह महाराज की पावन जन्म भूमि तख्त श्री हरिमंदिर जी पटना साहिब में संगतों ने 11 हजार दीपों से तख्त साहिब को जगमगा , साथ ही रंग-बिरंगे बल्बों से सजे तख्त आकर्षण का केंद्र बना रहा है लोग तख्त साहिब के पास से सेल्फी लेने से नहीं चुक रहे थे। हर को उनके आकर्षण काफी भा रहा था। दीपमाला के मौके पर सजे विशेष दीवान में रागी जत्था के भाई जगत सिह,हरजीत सिंह, भाई अरविंद सिंह निगरुण,ज्ञान सिंह, जोगिंदर सिंह,बिक्रम सिंह व नविंदर सिंह ने एक से बढ़कर एक शबद कीर्तन प्रस्तुत कर संगतों को निहाल कर दिया। विशेष दीवान में कथा वाचक ज्ञानी गगनदीप सिह व ज्ञानी चरणजीत सिंह ने कथा की, वहीं तख्त के जत्थेदार ज्ञानी बलदेव सिंह ने दरबार साहिब में विश्व शांति के लिए अरदास कर शस्त्र दर्शन कराया। इसके बाद संगत के बीच विशेष लंगर का आयोजन किया गया. आयोजन में काफी संख्या में सिख संगत उपस्थित थी।


सोशल मीडिया पर वायरल होने की सनक में डेढ़ साल के मासूम का अपहरण, दो महिला समेत चार गिरफ्तार



फुलवारी शरीफ. सोशल मीडिया पर रील बनाकर वायरल होने की सनक किस हद तक खतरनाक हो सकती है, इसका एक सनसनीखेज मामला फुलवारी शरीफ में सामने आया है. सोशल मीडिया पर लोकप्रियता हासिल करने और रील वायरल करने की चाह में दो महिलाओं ने डेढ़ साल के मासूम का अपहरण कर लिया. अपहरण के बाद बच्चे को एक निसंतान दंपती को सौंपने की साजिश रची गई थी. पुलिस के अनुसार, दंपती के यहां बच्चा नहीं होने के कारण मासूम को उन्हें देने की योजना बनाई गई थी. इसके बाद बच्चे के साथ रील बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने की तैयारी थी. हालांकि, फुलवारी शरीफ पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए महज 12 घंटे के भीतर अपहृत बच्चे को सकुशल बरामद कर लिया. इस मामले में दो महिलाओं और दो पुरुषों समेत चार आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है. घटना के खुलासे के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है. घटना सात नवंबर की सुबह की है. छपरा जिले के परसा थाना क्षेत्र की रहने वाली मान्ती देवी अपने पति श्रवण पासवान के साथ फुलवारी शरीफ के साकेत बिहार में लखन पासवान के घर के पास किराये पर रहती हैं. सात नवंबर को मान्ती देवी की आठ वर्षीय बेटी नैना कुमारी अपने दो छोटे भाइयों सूर्या राज (पांच वर्ष) और अंगराज (डेढ़ वर्ष) के साथ घर के आसपास खेल रही थी. इसी दौरान अंजू देवी और मधु कुमारी वहां पहुंचीं. दोनों महिलाओं ने बच्ची को बहला-फुसलाकर कपड़े दिलाने का लालच दिया. उन्होंने नैना से कहा कि वह अपने दोनों भाइयों को लेकर उनके साथ चले, वे सभी को नए कपड़े खरीदकर देंगी. बच्ची महिलाओं की बातों में आ गई और दोनों भाइयों के साथ उनके पीछे चल दी. महिलाएं बच्चों को लेकर अनीसाबाद स्थित मानिकचंद तालाब के पास पहुंचीं. वहां एक महिला ने नैना से कहा कि वह जाकर नहा ले, तब तक वह उसके दोनों छोटे भाइयों को संभालती है. बच्ची जब नहाकर वापस लौटी तो देखा कि महिला उसके डेढ़ साल के भाई अंगराज को लेकर भाग रही है. बच्ची ने महिला को रोकने और अपने भाई को छुड़ाने की काफी कोशिश की, लेकिन आरोपित महिला मासूम को लेकर फरार हो गई।

डीएम ने घाट का किया निरीक्षण

तय समय सीमा के अंदर घाटों को दुरुस्त करने का दिया निर्देश



पटना सिटी (आससे)। छठ पूजा के तैयारी को लेकर जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने वरीय पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय के. शर्मा के साथ कंगन घाट, एन आई टी घाट, कृष्णा घाट , लॉ कालेज घाट सहित विभिन्न छठ घाटों का भ्रमण कर तैयारियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने घाटों पर चल रहे कार्यों, सुरक्षा व्यवस्था, पहुँच पथ, प्रकाश व्यवस्था तथा श्रद्धालुओं की सुविधा से जुड़ी सभी व्यवस्थाओं की बारीकी से समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी कार्यों में और तेजी लाते हुए निर्धारित समय-सीमा के भीतर तैयारियाँ पूर्ण करें। साथ ही, तैयारियों के प्रत्येक छोटे-बड़े पहलू पर सूक्ष्मता से ध्यान दें, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि छठ घाटों तक पहुँच पथ, प्रकाश व्यवस्था एवं सुरक्षा से संबंधित व्यवस्थाओं में किसी भी स्तर पर कोई कमी नहीं रहनी चाहिए। वहीं संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य कर स्थल पर उपलब्ध संसाधनों एवं व्यवस्थाओं का नियमित अनुश्रवण सुनिश्चित करें।उन्होंने कहा कि छठ महापर्व में बड़ी संख्या में श्रद्धालु घाटों पर पहुँचते हैं। उनकी सुविधा, सुरक्षा एवं सुगम आवागमन प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। निरीक्षण के दौरान संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे दूसरी ओर छठ पूजा समिति के सदस्यों की साथ मिलकर समन्वय कर हर साल की भांति सफलता पूर्वक पर्व को संपन्न कराने हेतु यह बैठक आयोजित किया गया है। वार्ड नंबर 66 के कंगन घाट छठ पूजा समिति के अध्यक्ष प्रदीप काश ने कंगन घाट जाने वाले रास्ते के स्ट्रीट लाइट को ठीक कराने तथा पुराने कंगन घाट गुरुद्वारा के रास्ते के गड्ढे को दुरुस्त करने की बात जिलाधिकारी के संज्ञान में रखा।,झाऊगंज, हीरानंद शाह घाट मिरचाई घाट, केशव घाट के अप्रोच पथ के जल जमाव को दूर करने की चर्चा बैठक में किया गया। इस बैठक में विनय केसरी, विनय कुमार बिट्टू, राजीव गंगोल, विश्वकर्मा यादव, गंगा शास्त्री, अरविंद कुमार समेत अन्य पूजा समिति के लोगों ने अपना - अपना सुझाव जिला प्रशासन के समक्ष रखी।

छठ में तीन दिनों तक तैनात रहेगी पुलिस



फुलवारी शरीफ. छठ महापर्व के दौरान पुनपुन नदी के विभिन्न घाटों पर उमड़ने वाली लाखों व्रतियों और श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा की तैयारियां तेज कर दी हैं. श्रद्धालुओं की सुरक्षा, भीड़ नियंत्रण और विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए घाटों पर विशेष इंतजाम किए जाएंगे. इसी कड़ी में डीएसपी सदर-2 रंजन कुमार और परसा बाजार थानाध्यक्ष मेनका रानी ने सोमवार को पुनपुन नदी के चिहूट और बघपुर घाट का निरीक्षण किया. इन दोनों घाटों पर छठ के दौरान सबसे अधिक भीड़ जुटती है. अधिकारियों ने घाटों की स्थिति, आवागमन के रास्तों और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया. निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं से बातचीत कर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सुझाव मांगे. लोगों ने घाटों पर पुलिस बल की तैनाती, भीड़ नियंत्रण और श्रद्धालुओं की सुरक्षित आवाजाही के लिए आवश्यक इंतजाम करने की मांग की. अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि लोगों के सुझावों को सुरक्षा व्यवस्था में शामिल किया जाएगा. साथ ही श्रद्धालुओं से छठ के दौरान पुलिस प्रशासन को सहयोग करने की अपील की. डीएसपी सदर-2 रंजन कुमार ने बताया कि छठ महापर्व के दौरान घाटों पर लगातार तीन दिनों तक पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती रहेगी. इसके अलावा जिला प्रशासन की ओर से होमगार्ड जवानों को भी लगाया जाएगा. भीड़ नियंत्रण, विधि-व्यवस्था और श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए विशेष व्यवस्था की जाएगी, ताकि लाखों व्रती और श्रद्धालु शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित माहौल में छठ महापर्व मना सकें.

सेमी ऑटोमेटिक पिस्टल के साथ 2 गिरफ्तार

खगौल। दीपावली की रात किसी अपराधिक घटना को अंजाम देने के फिराक में बाइक पर सवार दो बदमाशों को खगौल पुलिस ने नगर स्थित मोती चौक से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार बदमाश आनंदपुरी खगौल के रहने वाला अजय कुमार एवं छोटी बदलपुरा का रहने वाला अंशु कुमार है। जिनके पास से पिस्टल व कारतूस बरामद किया है।

एसडीपीओ अजीत कुमार ने बताया कि विगत रात्रि में पुलिस को गुप्त सूचना मिली की खगौल के मोती चौक एसबीआई एटीएम के पास बाइक पर सवारी 2 व्यक्ति अवैध हथियार के साथ है, जो किसी भी आपराधिक घटना को अंजाम देने की योजना बना रखी है।

प्राप्त सूचना के आलोक में तत्काल कार्रवाई करते हुए दोनों बदमाशों को पकड़ लिया गया। तलाशी लेने पर 1 सेमी ऑटोमेटिक पिस्टल, 2 जिंदा कारतूस, मोबाइल एवं बाइक बरामद की गई। दोनों आरोपितों पर कानूनी कार्रवाई कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

मां काली से मांगी सुख-समृद्धि



दानापुर (आससे)। ज्योति पर्व दीपावली पूरे दानापुर नगर सहित आस-पास के इलाकों में शांतिपूर्वक हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। दीपोत्सव के इस पावन अवसर पर पूरा शहर रंग-बिरंगी रोशनी में आकर्षक रूप से जगमगा उठा है। दीपोत्सव पर यहां चारों ओर पटाखे की धूम धड़ाके व आतिशबाजी रात भर होती रही। सनातन धर्मावलंबियों ने श्रद्धापूर्वक अपने घरों में दीप जलाकर 14 साल के वनवास से लौटे आदर्श मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम जी का अभिनंदन किया और ऐश्वर्य व वैभव की देवी माता श्री लक्ष्मी जी एवं भगवान श्रीगणेश जी का विधिवत् पूजा-अर्चना- वन्दना कर सुख , शांति, समृद्धि की मनोकामनाएं की। इस अवसर पर नगर में पेठिया बाजार के गंगा किनारे स्थित प्राचीन दक्षिणेश्वरी काली मंदिर में शक्ति की अधिष्ठात्री देवी मां काली की वार्षिक पूजनोत्सव वैदिक मंत्रोच्चार, मंगलाचरण, महाआरती, शंखनाद के बीच पुरोहितों के सानिध्य में विधिवत सम्पन्न हुई। यहां देर रात्रि तक आयोजित वार्षिक पूजनोत्सव के साथ भंडारा में भारी संख्या में श्रद्धालु भक्तजन शामिल हुए। दीपोत्सव के साथ अब समूचा नगर पूजनोत्सव व पर्व त्यौहार के हर्षोल्लास में डूबा है।

इस दौरान गोवर्धन पूजा, भगवान चित्रगुप्त पूजा,अन्नकूट-भैया दूज पर्व के साथ ही लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा मनाने की तैयारियां शुरू हो गई है। छठ पूजा की पारंपरिक लोक गीत संगीत से दानापुर नगर गुंजायमान है।

पूर्व मध्य रेल

शुद्धि पत्र

एकल निविदा सूचना सं.: ईएल-50-दानापुर-एस-टी-22-2026-27

एकल निविदा सं. : ईएल-50-दानापुर-एस- टी-22-2026-27, जिसे दिनांक 20.11.2026 को खोला जाना था, तकनीकी कारणों से **निरस्त** किया जाता है।

मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत/सा.)/ पूमरे/दानापुर

पीआर/1300/डीएचएन/ईएलईसीटी/सी/26-27/16

पूर्व मध्य रेल

शुद्धि पत्र

एकल निविदा सूचना सं.: ईएल-50-दानापुर-एस-टी-23-2026-27

एकल निविदा सं. : ईएल-50-दानापुर-एस- टी-23-2026-27, जिसे दिनांक 20.11.2026 को खोला जाना था, तकनीकी कारणों से **निरस्त** किया जाता है।

मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत/सा.)/ पूमरे/दानापुर

पीआर/1304/डीएचएन/ईएलईसीटी/सी/26-27/16

पूर्व मध्य रेल

शुद्धि पत्र

एकल निविदा सूचना सं.: ईएल-50-दानापुर-एस-टी-21-2026-27

एकल निविदा सं. : ईएल-50-दानापुर-एस- टी-21-2026-27, जिसे दिनांक 20.11.2026 को खोला जाना था, तकनीकी कारणों से **निरस्त** किया जाता है।

मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत/सा.)/ पूमरे/दानापुर

पीआर/1305/डीएचएन/ईएलईसीटी/सी/26-27/16

तेजस्वी यादव के जन्मदिन पर शामिल हुए रामानंद यादव

दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना की



फुलवारी शरीफ. राजद के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एवं बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव के 37वें जन्मदिन पर पटना स्थित पार्टी के राज्य कार्यालय, 2 वीरचंद पटेल पथ के कर्पूरी सभागार में सामाजिक सद्भावना दिवस के रूप में भव्य समारोह आयोजित किया गया. इस अवसर पर राजद विधायक सह पूर्व मंत्री डॉ. रामानंद यादव ने तेजस्वी यादव को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए उनके यशस्वी, स्वस्थ और दीर्घायु जीवन की कामना की. विधायक डॉ. रामानंद यादव ने कहा कि तेजस्वी यादव के नेतृत्व में सामाजिक सद्भाव, भाईचारे और गरीबों के अधिकारों की लड़ाई को नई मजबूती मिलेगी. उन्होंने पार्टी के विचारों और सामाजिक न्याय की राजनीति को आगे बढ़ाने का संकल्प भी दोहराया.

समारोह में तेजस्वी यादव ने हजारों नेताओं और कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में 37 पाउंड का केक काटकर जन्मदिन मनाया. इस दौरान कार्यकर्ताओं ने केक और मिठाइयां बांटकर खुशी जाहिर की और तेजस्वी यादव के समर्थन में नारे लगाए. पूरे सभागार में उत्साह और जश्न का माहौल देखने को मिला.

कार्यक्रम की अध्यक्षता राजद प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल ने की, जबकि संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. तनवीर हसन एवं प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद ने किया. इस अवसर पर तेजस्वी यादव ने कार्यकर्ताओं से लालू प्रसाद यादव के विचारों को गांव-गांव और घर-घर तक पहुंचाने की अपील की. उन्होंने कहा कि नफरत की राजनीति को समाप्त कर नौकरी, रोजगार और सामाजिक सद्भाव की राजनीति को मजबूत करना है. उन्होंने कार्यकर्ताओं से सकारात्मक सोच के साथ संघर्ष और आंदोलन को आगे बढ़ाने का आह्वान किया.

इस अवसर पर विधायक डॉ. रामानंद यादव के साथ वेद प्रकाश यादव, बिनोद कुमार सहित पार्टी के अनेक नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे. समारोह में हजारों की संख्या में पहुंचे कार्यकर्ताओं का उत्साह देखते ही बन रहा था.

आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते पूरी कर लें

पटना (आससे)। आपदा प्रबंधन विभाग ने सभी जिला पदाधिकारियों को निदेश देते हुए पत्र जारी किया है कि छठ महापर्व के दौरान संभावित दुर्घटनाओं, विशेषकर डूबने की घटनाओं, भगदड़ एवं अन्य आपात स्थितियों की रोकथाम के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते पूरी कर ली जाएं। इसके लिए पूर्व में विभाग द्वारा त्योहारों के दौरान डूबने से होने वाली मृत्यु की रोकथाम के संबंध में जारी दिशा-निर्देशों का भी अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा गया है। विभाग द्वारा जारी निर्देश के अनुसार सभी जिलों में निम्नलिखित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने को कहा गया है। सभी खतरनाक नदी घाटों एवं तालाबों को चिह्नित कर उनका व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाए। ऐसे घाटों पर मजबूत बैरिकेडिंग की व्यवस्था की जाए, ताकि श्रद्धालु खतरनाक एवं गहरे पानी में प्रवेश न कर सकें। सभी घाटों पर पर्याप्त संख्या में सुरक्षाबलों एवं स्वयंसेवकों की प्रतिनियुक्ति की जाए।

80 लीटर देसी शराब के साथ टेंपो जब्त, तस्कर गिरफ्तार



फुलवारी शरीफ. गोपालपुर थाना क्षेत्र के भेलवाड़ा गांव के पास पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर 80 लीटर देसी शराब के साथ एक टेंपो जब्त किया है. पुलिस ने मौके से शराब तस्करी के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार युवक की पहचान सोहगी गांव निवासी मनोज कुमार (24 वर्ष), पिता सुनील केवट के रूप में हुई है. वह गोपालपुर थाना क्षेत्र का रहने वाला है.

पुलिस के अनुसार, टेंपो का इस्तेमाल शराब के परिवहन में किया जा रहा था. शराब और टेंपो को जब्त कर गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने समेत आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है.

NOTICE

TO WHOM IT MAY CONCERN

It is hereby informed to General Public through this notice that original Sale Deed dated 03.07.2012 (Deed No.6403) infavour of Santosh Kumar son of Late Ram Shankar Prasad regarding residential land measuring an area of 5.1615 Decimal situated at Mauza – Mohanpur Prev, P.S – Maner and district–Patna under Thana No.41, Khata No.91 & 53, Survey Plot No.1269 & 1288 was lost on 17.03.2025. A Sanha dated 27.03.2025 was also lodged regarding the loss of the aforesaid deed in Bihta Police Station, Patna.

Presently the aforesaid property is to be mortgaged with L & T Finance Limited, Hence If any one finds the aforesaid deed or is in possession of that deed he/she may return it to the undersigned. Further if anyone has any objection regarding the mortgage of the property above-mentioned, he/she may raise it within 14 days of the publication of this notice before the undersigned otherwise it will be deemed that no one has any objection/claim regarding the mortgage of the aforesaid property.

SUBHDEEP DAS
PANEL ADVOCATE
L & T Finance Limited
Mobile No.9334208415
Chamber: 204 Sushma Apartment, Road No.10. Rajendra Nagar, Patna-800016